कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर

–:कार्यालय–आदेश:–

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक क्रमांकः– शिविरा–माध्य/संस्था/ सी–2 / इति–वाणि/इतिहास /स्थानान्तरण/2020–21/1–653 दिनांकः–04.01.2021 के तहत प्रदीप सिंह व्याख्याता इतिहास राउमावि, नगला बीजा–भरतपुर का स्थानांतरण राउमावि, डावला खींची–झालावाड किया गया। प्रदीप सिंह अपने स्थानांतरण के विरूद्व माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में अपील संख्या 836/2021 प्रदीप सिंह बनाम राज्य सरकार व अन्य में दायर की।

माननीय अधिकरण के आदेश दिनांक 03.02.2021 में अपीलार्थी को विभागीय स्थानान्तरण आदेश दिनांक 04.01.2021 का कियान्वयन अपीलार्थी के सम्बन्ध में अधिकरण के आगामी आदेश तक स्थगित कर यह स्पष्ट किया है कि अपीलार्थी को वहीं कार्यरत रखा जावे जहाँ वह चुनौती आदेश पारित किये जाने से पूर्व कार्यरत था निर्देश प्रदान किए।

माननीय अपील अधिकरण के निर्णय की पालना में प्रदीप सिंह व्या.इतिहास का पदस्थापन राउमावि, नगला बीजा–भरतपुर किया जाता है। उक्त पालना से उत्पन्न दोहरे पदस्थापन की स्थिति को समाप्त करने के लिए इनके स्थान पर पदस्थापित राजीव कुमार मीणा व्या.इतिहास का समायोजन राउमावि,डावला खींची–झालावाड किया जाता है। उक्त पदस्थापन माननीय अधिकरण,जयपुर में दायर अपील संख्या 836/2021 के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा।

सभी संबंधित पक्षकार सूचित हो।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/सी–2/अपील संख्या 836/प्रदीप सिंह/स्थगन/को.के/2021 दिनांकः– 26.02.2021

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर।
2. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा।
3. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय),
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा,
5. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जयपुर
6. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा।
7. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
8. संबंधित प्रधानाचार्य
9. संबंधित कार्मिक
10. गार्ड पंजिका।

संयुक्त–निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर